लोक सभा अध्यक्ष ने विजयादशमी की पूर्वसंध्या पर शुभकामनाएं दीं

नई दिल्ली; 23 अक्तूबर, 2023: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने विजयादशमी की पूर्व संध्या पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं।

अपने संदेश में श्री बिरला ने कहा है:

“विजयादशमी के पावन पर्व पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं। यह त्योहार बुराई पर अच्छाई, असत्य पर सत्य, अनीति पर नीति और अन्याय पर न्याय की विजय का प्रतीक है। नवरात्रि के नौ दिन मां भगवती की उपासना और अराधना से जो शक्ति और ऊर्जा हमने अर्जित की है, उसे अपने देश और समाज के लिए समर्पित करें, यह सीख हमें इस त्योहार से मिलती है।

भक्ति और शक्ति के साथ यह त्योहार हमारे आत्मबल को मजबूत करता है।

भगवान श्री राम ने जिन आदर्शों के साथ अपना जीवन जिया, हम उन आदर्शों का अनुसरण करें, हम सत्य, न्याय और नीति के मार्ग पर आगे बढ़ें, मानवता के कल्याण के लिए अपना जीवन समर्पित करें, यही संदेश हमें विजयादशमी का त्योहार देता है। भगवान श्री राम के आशीर्वाद से हर घर-परिवार में खुशहाली आए, सभी के जीवन में समृद्धि आए, मेरी यही मंगल कामना है।”